## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–27 जुलाई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समस्त नेटवर्क पर प्रसारित होगा कार्यक्रम।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्नाव में भारत के पहले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑगमेंटेड मल्टीडिसिप्लिनरी यूनिवर्सिटी का किया उद्घाटन। कहा– राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को साकार करने का केंद्र बनेगा यह विश्वविद्यालय।
- देश के सत्रह सांसदों को अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिये मिला सांसद रत्न पुरस्कार। पुरस्कार पाने वालों में शामिल हैं गोरखपुर के सांसद रवि किशन।
- प्रदेश के दो हजार तीन सौ बयासी परीक्षा केन्द्रों पर आज आयोजित होगी सहायक समीक्षा अधिकारी और समीक्षा अधिकारी के लिये परीक्षा।
- अयोध्या में श्रावण शुक्ल तृतीया पर आज से शुरू होगा झूलनोत्सव मेला।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल उन्नाव में भारत के पहले निजी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑगमेंटेड मल्टी डिसिप्लिनरी यूनिवर्सिटी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नया विश्वविद्यालय तकनीकी प्रगति और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को साकार करने का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले आठ वर्षों में सुरक्षित और कानून–सम्मत माहौल तैयार किया गया है, जो निवेश के लिए अनिवार्य है।

***उत्तर प्रदेश में पिछले आठ वर्ष के अंदर जो माहौल बेहतरीन सुरक्षा का कानून व्यवस्था का प्राप्त हुआ आज उसका परिणाम है कि हमें अब तक पैंतालीस लाख करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। पैंतालीस लाख करोड़ में से पंद्रह लाख करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्तावों को हम लोगों ने जमीनी धरातल पर उतारने का काम किया है।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज सुबह 11 बजे देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 124वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समस्त नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा।

**********

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल को क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ का अध्यक्ष चुना गया है। अध्यक्ष चुने जाने पर उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता लखनऊ की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि क्रिकेट एसोसिएशन जल्द ही लखनऊ प्रीमियर लीग का भी आयोजन करेगा।

***सारा प्लेयर्स का रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन किया जायेगा ताकि खिलाड़ियों को कोई परेशानी न हो और नये और टूर्नामेंट कराये जायेंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा हमारी प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिले। हर साल हम पांच बच्चों को सेलेक्ट करके उनको एडवांस ट्रेनिंग के लिए बाहर भेजेंगे, संस्थाओं में भेजेंगे और इसके साथ–साथ प्रयास इस साल कर रहे हैं कि हम लखनऊ प्रीमियम लीग भी शुरू करें।***

**********

शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को विद्यार्थियों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए शीघ्र कदम उठाने का निर्देश जारी किये है। इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा संहिता के अनुसार स्कूलों और बच्चों से संबंधित सुविधाओं का अनिवार्य सुरक्षा ऑडिट, आपातकालीन तैयारी में कर्मचारियों और छात्रों के लिए प्रशिक्षण तथा परामर्श शामिल है।

**********

केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री और राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कल मथुरा में पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। मुलाकात के बाद संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने देश के विकास के लिए शिक्षा को कौशल विकास से जोड़ने की महत्ता पर जोर दिया।

**********

छब्बीसवें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कल प्रदेश भर में कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ के कारगिल शहीद स्मृति वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि यह दिन भारत की सेना के शौर्य का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जिन वीर

सैनिकों ने अपना बलिदान दिया है, उनकी प्रेरणा यही है कि हम एक भारत श्रेष्ठ भारत के माध्यम से ही एक सशक्त और समर्थ भारत की परिकल्पना को साकार करें।

***एक भारत श्रेष्ठ भारत के रूप में हमें एक समर्थ और सशक्त भारत के लिए एक आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए आगे बढ़ना होगा एकजुट होना होगा कारगिल विजय दिवस का संदेश यही हैं जिन वीर सैनिकों ने अपना बलिदान दिया है उनकी प्रेरणा यही है की हम एक भारत और श्रेष्ठ भारत के माध्यम से ही एक सशक्त और समर्थ भारत की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं।***

मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर में सेना के शौर्य और पराक्रम का उल्लेख किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने शहीदों के परिजनों को सम्मानित भी किया।

**********

देश के सत्रह सांसदों को कल नई दिल्ली में अनुकरणीय कार्यनिष्पादन के लिये सांसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाने वालों में भाजपा के सांसद रवि किशन और दिनेश शर्मा, कांग्रेस से वर्षा गायकवाड़, एनसीपी–एसपी से सुप्रिया सुले तथा शिवसेना–यू.बी.टी से अरविन्द सावंत शामिल हैं। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह पुरस्कार इन सांसदों के विशेष योगदान का सम्मान है। उन्होंने पुरस्कार पाने वाले सभी सांसदों को बधाई दी।

**ये सांसद रत्न अवॉर्ड है ये एक तरीके से प्राइम हमारे जो एमपीस का परफोरमेंस है उसको रिकग्नेशन किया गया, उनका अच्छा काम का, उसका आउटस्टैंडिंग परफॉरमेंस को, रिकॉग्नाइज किया गया है तो मैं सारा एमपीस को बधाई देता हूं, अभिनंदन करता हूं, ये अवॉर्ड का वो सब हकदार हैं।**

**********

प्रदेश के सभी जिलों के दो हजार तीन सौ बेयासी परीक्षा केन्द्रों पर आज समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी पद के लिये परीक्षा आयोजित की जायेगी। इस परीक्षा के लिये दस लाख छिहत्तर हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित इस परीक्षा के शुचितापूर्ण आयोजन के लिये शासन–प्रशासन स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। लखनऊ सहित सभी जिलों में कल वरिष्ठ अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया और कमियों को दूर करने के लिये निर्देश दिया। एक रिपोर्ट–

***सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक एक पाली में आयोजित होने जा रही परीक्षा के लिए एसटीएफ, खुफिया एजेंसियों और पुलिस विभाग को विशेष जिम्मेदारी दी गई है। निगरानी के लिए एआई और सीसीटीवी का इस्तेमाल किया जा रहा है। हर जिले में जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। एसटीएफ को संवेदनशील केंद्रों की विशेष निगरानी के लिए निर्देशित किया गया है। एसटीएफ द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की निगरानी की जा रही है। परीक्षा के दौरान कोचिंग संस्थानों की गतिविधियों पर भी नजर रखने के लिए टीमें तैनात हैं। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों का निवारण अधिनियम, 2024 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी।***

**********

श्रावण शुक्ल तृतीया के अवसर पर अयोध्या में आज से प्रसिद्ध सावन झूलनोत्सव मेला शुरू होगा। झूलनोत्सव को लेकर वहां के जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। यह मेला श्रावण पूर्णिमा तक चलेगा। प्रस्तुत है हमारे अयोध्या प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***श्रावण शुक्ल तृतीया पर अयोध्या के एतिहासिक मणि पर्वत स्थल से पखवारे भर चलने वाला सावन झूला मेला शुरू हो जाएगा। महोत्सव श्रावण पूर्णिमा–रक्षाबंधन तक चलेगा। झूलनोत्सव में शामिल होने के लिए भक्तों के आने का क्रम लगातार जारी है। सुरक्षा को दृ ष्टिगत रखते हुए मणिपर्वत स्थल पैरामिलिट्री फोर्स की निगरानी में रहेगा। भीड़ नियंत्रण को लेकर दस बैरियर सिर्फ मणिपर्वत इलाके में लगाए जा रहे हैं। मंदिर परिसर की निगरानी के लिए 850 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो 70 एकड़ क्षेत्र में नजर रखेंगे। इसके अतिरिक्त, तीन हजार सुरक्षाकर्मियों को पूरे मेले और मंदिर क्षेत्र में तैनात किया गया है। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।***

**********

प्रदेश के सभी पूर्वी जिलों में बादलों के छाये रहने और रूक–रूक कर बूंदाबांदी से लेकर हल्की वर्षा होने का सिलसिला बीते दो दिनों से जारी है। जिसके चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है और लोगों को उसम भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने अगले चार–पांच दिनों तक गरज–चमक के साथ वर्षा का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान कुछ स्थानों पर भारी वर्षा और बिजली गिरने की आशंका भी जतायी गयी है।

**********

मथुरा जिले में आज हरियाली तीज उत्सव का आयोजन किया जायेगा। इसे लेकर वहां के प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात प्रबंधन की विशेष व्यवस्था की है। इस अवसर पर वृंदावन के श्रीबांके बिहारी मंदिर में चार घंटे अतिरिक्त दर्शन की व्यवस्था की गई है। श्रीबांके बिहारी इस दिन भक्तों को वर्ष में एक बार स्वर्ण हिंडोला में विराजित होकर दर्शन देते हैं। मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि भीड़ प्रबंधन के लिए समुचित उपाय किए गए हैं।

**********